# राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना।

(विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग)

चतुर्थ तल, टेक्नोलॉजी भवन, विश्वेश्वरैया भवन परिसर, बेली रोड, पटना–800015

Website: www.sbte.bihar.gov.in ; Email: sbtebihar@bihar.gov.in


बिहार सरकार

ISO 9001

पत्रांक :– के०के०(एस०बी०टी०ई०)–08/2022– 5626 /पटना, दिनांक :– 06.10.2025

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
टेक्नोलॉजी भवन, पटना–800015.

सेवा मे,

**प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,**

1. सभी राजकीय पोलिटेकनिक,
2. सभी राजकीय महिला पोलिटेकनिक,
3. सभी निजी पोलिटेकनिक, संस्थान।

विषय :– माह–**दिसम्बर–2025** में आयोजित होने वाली परीक्षा Semester-I / II, III & V Exam 2025 (Odd) (Old & New Syllabus) Semester-I , III & V **OBE** Exam 2025 (Odd) एवं **PTD** Semester-I/II, III, V, VII Exam 2025 (Odd) (Old & New Syllabus) से संबंधित आवेदन पत्र भरने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु पर्षद के **Portal** पर उपलब्ध कराए गए विहित प्रपत्र में निम्न तिथि के अनुसार **On-line** आवेदन पात्र छात्रों से भरवाने की कृपा की जाए। **On-line** आवेदन का एक हार्ड कॉपी (जिस पर छात्र का प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित छाया चित्र चिपकाया हो), को संस्थान अपने पास संरक्षित रखेंगे। संस्थान निम्नांकित तिथि के अनुसार परीक्षा संबंधी कार्य का निष्पादन करेंगे :–

| क्रम सं. | परीक्षा कार्य | उससे संबंधित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | Online Fee Payment by Candidate | 19/11/2025 से 22/11/2025 |
| 2. | Online Exam Form Fill up | 22/11/2025 से 24/11/2025 |
| 3. | Exam Form Verification | 24/11/2025 से 25/11/2025 |
| 4. | Admit Card, Attendance Sheet, Admit Card List, OMR Details एवं अन्य प्रपत्रों का Download | 26/11/2025 से 28/11/2025 |
| 5. | External Practical Evaluation Scheduling | 29/11/2025 से 30/11/2025 |
| 6. | Theory Examination | 02/12/2025 से 12/12/2025 |
| 7. | Practical Exam (Home Centre) | 13/12/2025 से 18/12/2025 |

1) पर्षद के पत्रांक–**166, दिनांक–02/02/2011** के अनुसार परीक्षाफल प्रकाशन के बाद आंतरिक/**(C.T, T.A)** से संबंधित अंक संशोधन का प्रस्ताव मान्य नहीं होगा।

2) **छात्र/छात्राओं** के आवेदन पत्र के जाँच की जिम्मेदारी संस्थान की होगी तथा त्रुटि पाये जाने पर उनके परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए आवेदित राशि जब्त कर ली जायेगी तथा पर्षद द्वारा परीक्षाफल का प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

3) परीक्षा शुल्क सभी छात्राओं से 1000/–रू०, सभी SC & ST छात्रों से 1000/–रू० एवं अन्य छात्रों से 1500/– रू० प्रति छात्र है, जिसे **Sent up** योग्य छात्र–छात्राओं द्वारा पर्षद में **Online** के माध्यम से सीधे पर्षद में जमा करना होगा।

4) उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं से संबंधित निम्नांकित तथ्यों को जाँच करने के उपरान्त ही **Online** आवेदन पत्र का सत्यापन प्राचार्य द्वारा किया जाए।

**(i)** आवेदित छात्र/छात्राओं का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि एवं फोटो मूल नामांकन अभिलेख एवं पर्षद द्वारा निर्गत निबंधन के अनुरूप हो।

**(ii)** आवेदित छात्र/छात्राओं जो CT, TA, TW, Practical **(Progressive Assessment)** परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं एवं विषयों का प्राप्तांक, आवेदन पत्र **On-line Entry** की जा चुकी है।

**(iii)** पूर्व के कैरी के छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये विषयों की जाँच कर ली जाए। त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण सूचना के साथ आवेदन प्रपत्र पाए जाने की स्थिति में आवेदन पत्र रद्द किया जा सकता है।

**(iv)** वैसे पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्रा जिनका Practical **(Progressive Assessment)** का अंक पर्षद के पास उपलब्ध नहीं है, वैसे छात्र/छात्रा का अंक संस्थान द्वारा पर्षद को **ऑफ–लाईन** उपलब्ध कराना होगा। तत्पश्चात् ही वैसे छात्र/छात्रा आवेदन भर पाएँगे।

**उपरोक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।**

**सचिव के आदेश से**

विश्वासभाजन,

परीक्षा नियंत्रक,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– के०के०(एस०बी०टी०ई०)–08/2022 5626 /पटना, दिनांक :– 06.10.2025

प्रतिलिपि :– सभी पदाधिकारी, परीक्षा शाखा के सभी सहायक, रोकड़ शाखा, भण्डारपाल एवं कम्प्युटर शाखा, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2) L.S.P.L., ADT को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक,
राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद,
बिहार, पटना।